Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start airline services from Kishangarh-Ajmer airport to various cities in the country.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर) : सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

सभापति महोदय, किशनगढ़-अजमेर एयरपोर्ट अपने संचालन से ही निरंतर विकासरत एवं हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर आशान्वित है । इसके बढ़ते महत्व को दृष्टिगत रखते हुए देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हेतु नियमित हवाई सेवा का संचालन भी प्रारंभ हो गया है । वर्तमान में दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर एवं सूरत की नियमित सेवाएं भारी यात्रा भार के साथ संचालित हो रही हैं । चूंकि केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के तहत महानगरों को छोटे-छोटे शहरों से हवाई मार्ग से जोड़ने की मंशा है, जिसके तहत किशनगढ़ हवाई अड्डे से दस रूट उड़ान दो के तहत केन्द्र सरकार द्वारा पूर्व में अनुमोदित की जा चुकी है । इसके छः रूटों पर हवाई संचालन भी शुरू हो चुका है और सभी रूट्स फुल चल रहे हैं । बाकी चार रूटों, जिसमें उदयपुर एवं लखनऊ की उड़ान सेवा जूम एयरलाइन के साथ फरवरी माह में प्रारंभ होनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इन दो रूटों पर आगामी दिनों में हवाई सेवा प्रारंभ की जाएगी ।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन है कि व्यापक जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उड़ान योजना के तहत कोलकाता, पुणे, बेंगलुरु, गुवाहाटी, चेन्नई, अमृतसर के साथ-साथ जोधपुर एवं जैसलमेर के लिए भी शीघ्र हवाई सेवाओं का संचालन प्रारंभ किया जाए ।